प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
<u>निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.</u>

प्रकरण संख्याः 80 / **2026** (अपील सूचना का अधिकार)
Ganga Bai Dangi Add: Sapetiya, Badgaon, Udaipur

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 08/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329590344407003 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 29.01.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरकरण आवेदन संख्या 2026/12151/7 दिनांक 09.01.2026 एवं नामांतरकरण आवेदन संख्या 2026/12151/4 दिनांक 06.01.2026 के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से असंतुष्ट होकर अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 5074041498 दिनांक 23.03.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/80/26/453-54 दिनांक 23.03.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव द्वारा जरिये पत्र क्रमांकः सू.अ./2026/2005/100 दिनांक 17.4.2026 से जवाब प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक सू. अ./2026/2005/44 दिनांक 18.02.2026 को अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक सूचित कर दिया गया था। उक्त नामांतरकरण संख्या 2026/1251/12 दिनांक 03.02.2026 राजस्व ग्राम शोभागपुरा खसरा संख्या 760, 764, 1769/609 सबंधित नामांतरकरण की प्रमाणित प्रति की सूचना प्रार्थी को डाक के माध्यम से भिजवायी जा रही है। अतः अपील निरस्त फरमायी जावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा अपने आवेदन में नामांतरकरण आवेदन संख्या 2026/12151/7 दिनांक 09.01.2026 एवं नामांतरकरण आवेदन संख्या 2026/12151/4 दिनांक 06.01.2026 पर नामांतरकरण निरस्त करने के संबंध में की गई कार्यावाही एवं कारणों से संबंधित सूचना चाही गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एफ) एवं धारा 8(1) के अंतर्गत लोक सूचना

RajKaj Ref No.:
22091206
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.08 13:21:27 IST
Reason: Approved

प्राधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित नहीं है। उक्त अधिनियम के तहत केवल वहीं सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है जो लोक सूचना अधिकारी के पास पहले से संकलित हो। प्रत्यर्थी द्वारा अपने प्रत्युत्तर में अपीलार्थी को जरिये पत्रांक 44 दिनांक 18.02.2026 से सूचित करने के संबंध में अंकन किया गया है जो अपीलार्थी द्वारा अपनी अपील के साथ लगाये गये दस्तावेजों से स्पष्ट है। प्रत्यर्थी द्वारा अपने प्रत्युत्तर में नामांतरकरण संख्या 2026/1251/12 दिनांक 03.02.2026 राजस्व ग्राम शोभागपुरा खसरा संख्या 760, 764, 1769/609 से संबंधित नामांतरकरण की प्रमाणित प्रति की सूचना प्रार्थी को सूचना डाक के माध्यम से भिजवाने के कथन किये गये है। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र में वर्णित खसरा संख्या 760, 764, 1769/609 का नामांतरकरण स्वीकृत कर नामांतरकरण की प्रति उपलब्ध करवा दी गई है। साथ ही पूर्व में किये गये आवेदन को खारिज किये जाने के संबंध में भी सूचना जरिये पत्रांक 44 दिनांक 18.02.2026 को दी जा चुकी है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
22091206
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.08 13:21:27 IST
Reason: Approved